दैनिक भास्कर

# गंगरार के दो युवकों से एक लाख 20 हजार 500 के नकली नोट पकड़े, सभी 500-500 के, उदयपुर एटीएस टीम ने की कार्रवाई

**Chittorgarh News - नीमच जा रहे थे नोटों की डिलिवरी देने के लिए चित्तौड़गढ़ | सदर थाना क्षेत्र में ओछड़ी टोल नाके से पहले उदयपुर की एटीएस...**

Jun 12, 2019, 09:35 AM IST

Hindi News | Rajasthan | Chittorgarh

Kapasan News rajasthan news actions of 500 500 udaipur ats team caught the fake notes of one lakh 20 thousand 500 from two youth of gangarar



नीमच जा रहे थे नोटों की डिलिवरी देने के लिए

चित्तौड़गढ़ | सदर थाना क्षेत्र में ओछड़ी टोल नाके से पहले उदयपुर की एटीएस टीम ने मंगलवार शाम छह बजे बुलेट बाइक पर जा रहे दो युवकों से एक लाख 24 हजार 500 रुपए के नकली नोट पकड़े। नकली नोट परिवहन करने वाले दोनों युवकों को गिरफ्तार कर 241 नकली नोट जब्त किए हैं। ये दोनों आरोपी 500-500 की नकली नोट मार्केट में चलाने के लिए नीमच की तरफ जा रहे थे।

नोडल चंदेरिया थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। चंदेरिया थानाधिकारी अनिल जोशी ने बताया कि उदयपुर एटीएस एएसपी अंजना सुखवाल के निर्देशन में हेड कांस्टेबल मोजेंद्रसिंह व कांस्टेबल तेजेंद्रसिंह की सूचना पर ओछडी टोल नाका से पहले एक रिसोर्ट के पास बुलेट पर जा रहे दो युवकों को रुकवाया और तलाशी ली तो इनकी पेंट की जेब से एक थैली लटकी मिली। जिसमें 500-500 के नकली नोट रखे हुए थे। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम गंगरार थाना क्षेत्र के सेमलिया निवासी 25 वर्षीय सतू सेन पुत्र किशनलाल व दूसरे ने गंगरार का 29 वर्षीय नारायण पुत्र रमेश सेन बताया। गंगरार से दोनों नीमच में नोटों की डिलिवरी देने जा रहे थे। एटीएस की जानकारी के अनुसार आरोपी युवकों ने नोट गंगरार थाना के पीपलिया निवासी हीरालाल जाट से लाना बताया है। नीमच में किसे देने थे यह नहीं बताया।

सतू के विरुद्ध कपासन में भी दर्ज है मामला... जांच में सामने आया कि सतू के विरुद्ध कपासन थाने में बीस हजार रुपए के नकली नोट किसी को सप्लाई करने का एक मामला दर्ज है। थाने का वांटेड भी है। बुलेट भी नई है। अब उसके चेसिस नंबरों के आधार पर जांच की जाएगी।

कहां से लाए नकली नोट पूछताछ जारी... एटीएस टीम ने आरोपियों को चित्तौड़गढ़ के चंदेरिया थाने को सौंप मामला दर्ज कराया है। आरोपियों से पूछताछ की जाएगी कि वे नोट कहां से लाए, किस तरह से नकली नोट छापे गए और कहां-कहां मार्केट में चलाने थे। गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में भी पड़ताल की जाएगी।

**स्कैन किए हुए सभी नोट...एटीएस** एएसपी अंजना सुखवाल ने बताया कि बरामद सभी नकली नोट अलग-अलग एक ही नंबर के है। स्कैन किए हुए लग रहे है। प्रत्येक जिले में नकली नोट के मामलों में नोडल थाना होता है। लिहाजा चित्तौड़ में चंदेरिया थाना है।चंदेरिया थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। एटीएस द्वारा की गई प्राथमिक पड़ताल के अनुसार बरामद हुए 500-500 की करेंसी के 241 नकली नोट स्कैन किए हुए हैं। नोटों पर लिखे नंबर एक ही हैं। जैसे एक नोट में 498 नंबर लिखा है, तो करीब 50 नोटों पर 498 नंबर ही लिखा है। इससे प्रथम दृष्ट्या अनुमान है कि बदमाशों ने ये नकली नोट स्कैन कर तैयार किए हैं।

Source:
https://www.bhaskar.com/rajasthan/chittorgarh/news/rajasthan-news-actions-of-500-500-udaipur-ats-team-caught-the-fake-notes-of-one-lakh-20-thousand-500-from-two-youth-of-gangarar-093504-4757905.html